BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL P.G. COLLEGE

Station Road, Charbagh, Lucknow – 226001 (INDIA)

DEPARTMENT OF BOTANY

Mrs. Rashmi Gupta
Head & Associate Pofessor
Department of Botany
E-mail : rashmi_bsnv@rediffmail.com
Phone: 9450653910
Date: 25-11-2022

रिपोर्ट

आदरणीय अध्यक्ष बी0एस0एन0वी0 इंस्टिट्यूट के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 23 नवंबर 2022 को बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित साधारण पौधों के औषधीय गुण पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के संस्थापक बप्पा जी की मूर्ति पर पुष्प माल्यार्पण तथा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित कर एक दिवसीय संगोष्ठी एवम औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंत्री प्रबंधक श्री रत्नाकर शुक्ला जी एवं कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रमेश धर द्विवेदी तथा ऐडऑन कोर्स वा पीजी कोर्स के डायरेक्टर राकेश चंद्र जी के कर कमलों द्वारा किया गया। साधारण पौधों का औषधीय उपयोग इस विषय पर वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रभारी श्रीमती रश्मि गुप्ता जी ने 81 साधारण पौधों के असाधारण औषधीय गुण और उनके उपयोग तथा रोगों के निदान पर वृहद प्रकाश डाला। जिसमें गिलोय, पीली बूटी, पत्थरचट्टा, कंघी, राय मुनिया, दूधी, उसर की फली, घमरा, भूमि आंवला काला, बनसा, नगर मोथा, पुनर्नवा, चंगेरी, गजानिया आदि पौधों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर अशोक दुबे एवं उनके विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण भी किया गया। हमारे प्रबंधक महोदय ने शिक्षकों एवं बच्चों को उत्साहित करने हेतु अपने आशीर्वचन से सभी को अभि संचित किया तथा भविष्य में विभाग के उन्नयन वा औषधीय पौधों के निवास उनकी पारिस्थितिकी तंत्र को समझने हेतु सुझाव दिया, साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने भी बच्चों को आशीर्वचन दिए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रमुख विद्वान शिक्षक साथियों ने भी अपनी गरिमामई उपस्थिति प्रदान की जिसमे प्रोफेसर अरविंद तिवारी, प्रोफेसर डीके गुप्ता, प्रोफेसर जी के मिश्रा, प्रोफेसर एन के अवस्थी, प्रोफेसर अशोक दुबे, प्रोफेसर ज्योति काला, प्रोफेसर गीतारानी, प्रोफेसर सीएल बाजपेई, प्रोफेसर गुंजन पांडे, प्रोफेसर अनीता ओझा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ उमेश सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर विजय शंकर जी, डॉ मंजुल त्रिवेदी, श्री स्नेह प्रताप सिंह, श्री अमृत गोंड, श्री सुभाष भार्गव उपस्थित रहे तथा वनस्पति विज्ञान के समस्त शिक्षक डॉ मृदुला सिंह, डॉक्टर सोनी सिंह, डॉक्टर सारिका श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर प्रमिला पांडे द्वारा तथा सभी शिक्षक गणों एवं बच्चों का धन्यवाद ज्ञापन श्री लल्लन प्रसाद जी द्वारा किया गया।

(Head)
Department of Botany